# जौरा कॉलेज में परीक्षा से पहले पेपर आउट

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, नकल माफिया के आगे प्रशासन नतमस्तक**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर/जौरा 09मई।** शासकीय कॉलेज जौरा में परीक्षाओं की शुचिता और गोपनीयता पूरी तरह तार-तार हो गई है। शनिवार को बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा के दौरान एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसने जीवाजी विश्वविद्यालय (जेयू) के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। आधार पाठ्यक्रम (हिंदी) का प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने से पहले ही कॉलेज के बाहर 'सॉल्व' किया जा रहा था, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मोबाइल पर हल कराए जा रहे थे 'ओटी' प्रश्न

वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि जौरा कॉलेज के बाहर नकल माफिया और निजी कॉलेजों के एजेंट सक्रिय हैं।

चूंकि हिंदी का पेपर ऑब्जेक्टिव टाइप (ओटी) था, इसलिए नकल के ठेकेदार मोबाइल फोन में प्रश्न देखकर परीक्षार्थियों को सही विकल्प नोट करा रहे थे। परीक्षा केंद्र के अंदर जाने से पहले छात्र इन उत्तरों की पर्चियां तैयार करते दिखे। इस घटना ने साफ कर दिया है कि पेपर परीक्षा हॉल तक पहुँचने से पहले ही लीक हो चुका था।

**जिम्मेदारियों पर उठे गंभीर सवाल:** शिक्षा जगत में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। यह सवाल भी उठ रहे हैं कि आखिर पेपर की गोपनीयता कैसे भंग हुई और कॉलेज परिसर के ठीक बाहर सरेआम नकल का खेल कैसे चलता रहा? स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन और नकल माफिया की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी चूक संभव नहीं है।

'जौरा कॉलेज का यह वीडियो विश्वविद्यालय की साख पर बट्टा है। परीक्षा से पहले प्रश्न बाहर आना गंभीर अपराध है। हम कुलगुरू (वीसी) को पत्र लिखकर इस विषय की परीक्षा निरस्त करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। ऐसे दागी केंद्रों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना चाहिए।

**प्रदीप कुमार शर्मा,**
**कार्यपरिषद सदस्य,**
**जीवाजी विश्वविद्यालय**

विश्वविद्यालय में धारा 52 लागू होने के बावजूद व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। वर्तमान कार्य परिषद को इन खामियों को दूर करने के लिए कठोर कदम उठाने होंगे, अन्यथा छात्रों का भविष्य अंधकार में रहेगा।'

**संजय यादव,**
**पूर्व ईसी मेंबर,**
**जीवाजी विश्वविद्यालय**

# प्लेटफार्म नंबर-1 पर खुला चाइल्ड लाइन का नया कार्यालय

**परिवार से बिछड़े बच्चों को 24 घंटे मिलेगी मदद, सुगम स्थान पर कार्यालय शिफ्ट**




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 मई।** रेलवे स्टेशन पर बच्चों की सुरक्षा और त्वरित सहायता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्लेटफार्म नंबर-1 पर पार्सल ऑफिस के पास चाइल्ड लाइन का नया कार्यालय शुरू किया गया है। अब स्टेशन पर मिलने वाले लावारिस, संकटग्रस्त या परिजनों से बिछड़े बच्चों को सहायता के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। रेलवे प्रशासन और चाइल्ड लाइन की इस संयुक्त पहल के तहत नए कार्यालय में प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती 24 घंटे रहेगी।

पूर्व में यह कार्यालय रिजर्वेशन ऑफिस के पास स्थित था। स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास और निर्माण कार्यों के कारण वहां तक पहुंचना काफी मुश्किल हो रहा था। यात्रियों और रेलवे स्टाफ की असुविधा को देखते हुए अब इसे प्लेटफार्म नंबर-1 जैसे व्यस्त और सुगम स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। यहां जीआरपी और आरपीएफ के साथ समन्वय स्थापित करना भी आसान होगा।

**काउंसलिंग और सुरक्षा की सुविधा नए सहायता केंद्र पर तैनात कर्मचारी :** संकट में फंसे बच्चों की काउंसलिंग करेंगे। उनके परिजनों की तलाश करने और उन्हें सुरक्षित हाथों में सौंपने तक की पूरी प्रक्रिया यहीं से संचालित होगी। 1098 हेल्प लाइन के माध्यम से आने वाली सूचनाओं पर भी यहां की टीम तत्काल रिस्पॉन्स देगी।

**इनका कहना है...**
प्लेटफार्म नंबर-1 पर चाइल्ड लाइन ऑफिस की नई व्यवस्था बच्चों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इस पहल से लावारिस या भटके हुए बच्चों को समय पर सहायता मिल सकेगी। यह क्षेत्र सबसे व्यस्त है, जिससे यात्रियों की पहुंच कार्यालय तक आसान रहेगी।
**— दीपशिखा तोमर, टीआई, जीआरपी थाना ग्वालियर**

# लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटे मामले

**ग्वालियर।** न्यायमूर्ति श्री जी. एस. अहलूवालिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर के मार्गदर्शन में म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित न्यायाधिपति श्री जी. एस. अहलूवालिया व एडवोकेट श्री सोमनाथ सेठ, न्यायाधिपति श्री मिलिंद रमेश फडके व एडवोकेट श्री प्रतीप विसोरिया, न्यायाधिपति श्री आशीष श्रोती व एडवोकेट श्री अभिषेक सिंह भदौरिया एवं न्यायाधिपति श्री अमित सेठ व एडवोकेट श्री आलोक शर्मा की कुल 04 खण्डपीठों द्वारा आपसी सहमति के आधार पर कुल 254 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा मोटर दुर्घटना क्लेम अपील प्रकरणों में पीडित पक्षकारों को राशि रूपये दो करोड बीस लाख पंचानवे हजार अतिरिक्त क्षतिधन के रूप में प्राप्त हुए। इन निराकृत प्रकरणों में से एक उल्लेखनीय मोटर दुर्घटना अपील प्रकरण का रहा। लोक अदालत अंतर्गत गठित पीठ ने प्रकरण संबंधी तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये मृतक के वारिसान को क्लेम राशि से रूपये 5800006 के अतिरिक्त धनराशि प्रदान करने का अवार्ड पारित किया गया। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव राजीव के. पाल द्वारा बताया गया है कि लोक अदालत का मूल उद्देश्य आपसी वैमनस्यता एवं विवादों का आपसी सहमति व राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करना है। इसी मूल भावना को आधार बनाकर उक्त नेशनल लोक अदालत के पूर्व माननीय न्यायमूर्ति श्री जी. एस. अहलूवालिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर के मार्गदर्शन में उच्च न्यायालय में विचाराधीन राजीनामा योग्य प्रकरणों मुख्यत: बीमा कंपनी के प्रकरणों को चिन्हित कर सूची तैयार की गई। राजीनामा के आधार पर प्रकरणों के निराकरण हेतु उभयपक्ष में सहमति बनाई गई,।



### जमा हुआ 6.83 करोड़ से अधिक का संपत्तिकर एवं जलकर

ग्वालियर। नेशनल लोक अदालत में आज नगर निगम ग्वालियर द्वारा संपत्तिकर एवं जलकर में 6 करोड़ 83 लाख रुपए से अधिक की वसूली की है। जिसमें कुल 6332 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। संपत्तिकर एवं जलकर वसूली में ग्वालियर नगर निगम प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा। अपर आयुक्त मुनीश सिंह सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में समस्त वसूली प्रभारी द्वारा कार्य करते हुए नगर निगम ग्वालियर ने आज दिवस में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आयोजित नेशनल लोक अदालत में नगर पालिक निगम ग्वालियर के द्वारा ग्वालियर के 1 से लेकर 66 वार्डों में सम्पत्तिकर के 3001 प्रकरणों का निराकरण किया गया। उक्त प्रकरणों का निराकरण करने पर 6 करोड़ 6 लाख रुपए से अधिक का सम्पत्तिकर प्राप्त हुआ।

### पुरानी रंजिश पर हॉस्पिटल कर्मचारी की हत्या

**ग्वालियर।** थाटीपुर थाना क्षेत्र स्थित श्रीनगर कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते 24 वर्षीय युवक कालू सेन की हत्या कर दी गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस पर करीब एक घंटे तक हंगामा किया। परिजनों ने साफ कहा कि जब तक सभी हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, वे शव नहीं उठाएंगे। बाद में पुलिस अधिकारियों की समझाइश और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद परिजन शव लेकर रवाना हुए। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

मूल रूप से टीकमगढ़ निवासी कालू सेन फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में कर्मचारी था। तीन महीने पहले तक वह ग्वालियर के थाटीपुर थाना क्षेत्र की श्रीनगर कॉलोनी में किराए से रहता था। बताया गया है कि उसके बड़े भाई संदीप का मोहल्ले में रहने वाले महाकाल उर्फ मृत्युंजय जाटव और उसके साथियों से विवाद हो गया था।

# हमें सीख देती है श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09मई।** केसिया परिवार द्वारा आयोजित लोढ़ी माता मंदिर में चल रही कथा में पंडित दिनेश शास्त्री ने श्री कृष्ण व सुदामा की मित्रता बताते हुए कहा कि इससे हमें और समाज को सीख देती है। विषम परिस्थिति में भी मनुष्य को घबराना नहीं चाहिए। वे श्रीमद्भागवत कथा समापन पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जीवन में माता पिता और गुरु के बाद मित्र को विशेष स्थान दिया गया है। मित्र हमारे सुख-दुख के साथी होते हैं। किसी भी परिस्थिति में मित्र हमेशा साथ खड़े होते हैं। कृष्ण और सुदामा के बीच मित्रता की कहानी में हमें मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग और सम्मान का भाव दिखाई देता है। जब कभी मित्रता की बात होती है तो कृष्ण और सुदामा की मिसाल दी जाती है। इस अवसर पर परीक्षित श्रीमती सुनीता-स्व. उमेश केसिया, महामंडलेश्वर शिवराम महाराज, चौदह खो वाले संत, लोढ़ी माता के महन्त कमल सिंह, वकील सिंह कंसाना मंडी अध्यक्ष, ध्यानेन्द्र सिंह गिरगांव, सत्यनारायण शर्मा, साहब सिंह सरपंच एवं सैकड़ों श्रृद्धालु मौजूद रहे।



# नाला एवं सीवर सफाई के लिए निगमायुक्त सख्त

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09मई।** शहर के सभी नालों एवं सीवर लाइनों को वर्षा पूर्व प्लान बनाकर सफाई करें इसके साथ ही सभी अपर आयुक्त भ्रमण कर नाला एवं सीवर सफाई के कार्य की प्रॉपर मॉनिटरिंग करे। उकताशय के निर्देश निगमायुक्त संघ प्रिय ने नाला एवं सीवर सफाई की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त टी प्रतीक राव, प्रदीप तोमर, मुनीश सिकरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी विधानसभा वार नालों की सफाई की विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। योजना में यह स्पष्ट किया जाए कि कौन-सा नाला बड़ा है अथवा छोटा, उसकी सफाई मशीनों से होगी या मैन्युअल तरीके से।

# ग्वालियर में 'पाकिस्तानी' साइबर सिंडिकेट का भंडाफोड़

**होटल के कमरे से चल रहा था अंतरराष्ट्रीय ठगी का नेटवर्क**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09मई।** शहर की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह को नेस्तनाबूद करते हुए सरहद पार तक फैले ठगी के जाल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने शहर के कैलाश विहार स्थित होटल एचजी में दबिश देकर चार शातिर एजेंटों को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 10 दिनों से होटल के कमरे को अपना 'कंट्रोल रूम' बनाकर देशभर में बैंकिंग फ्रॉड को अंजाम दे रहे थे।

**पाकिस्तान के 'बड़े भैया' दे रहे थे निर्देश:** पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल खंगालने पर पुलिस के होश उड़ गए। गिरोह के तार सीधे पाकिस्तान (+92) से जुड़े पाए गए हैं। आरोपियों के व्हाट्सएप पर पाकिस्तानी नंबरों से लगातार निर्देश मिल रहे थे। दिलचस्प बात यह है कि मुख्य हैंडलर का नंबर एजेंटों के मोबाइल में 'बड़े भैया' के नाम से सेव था। ये एजेंट ग्वालियर और आसपास के इलाकों से 'म्यूल अकाउंट' (किराए के खाते) अरेंज करते थे और उनकी जानकारी पाकिस्तान भेजते थे।

**9 एटीएम कार्ड और नर्सिंग छात्रों का कनेक्शन:** क्राइम ब्रांच ने मौके से 7 प्रमुख बैंकों के 9 एटीएम कार्ड, लैपटॉप और दर्जनों मोबाइल बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी अंकित गुर्जर (ग्वालियर), सौरभ श्रीवास (पोरसा), अजय शर्मा और सौरव सेजवार (दोनों धौलपुर) नर्सिंग के छात्र हैं। पढ़ाई के दौरान ही ये एक-दूसरे के संपर्क में आए और धौलपुर निवासी सौरभ श्रीवास के माध्यम से इस काले कारोबार में शामिल हो गए।

**कैसे काम करता था यह 'म्यूल अकाउंट' गिरोह, खातों की खरीद:** आरोपी गरीब या कम पढ़े-लिखे लोगों को पैसों का लालच देकर उनके बैंक खाते, चेकबुक और एटीएम कार्ड ले लेते थे।

ठगी की रकम इन खातों में मंगवाई जाती थी ताकि पुलिस असली अपराधियों तक न पहुंच सके। इसके बाद रकम को डार्क वेब या क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठिकाने लगाया जाता था।

**इनका कहना है ...**
यह एक बेहद संवेदनशील मामला है। आरोपियों के पास से मिले पाकिस्तानी नंबरों के व्हाट्सएप चैट और एटीएम कार्ड एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट की ओर इशारा कर रहे हैं। हम पैसों की ट्रांजेक्शन (मनी ट्रेल) की गहराई से जांच कर रहे हैं। गिरोह का मास्टरमाइंड अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य बड़े चेहरों का खुलासा होगा।
**धर्मवीर सिंह यादव**
**एसएसपी ग्वालियर**

# एकता के लिए जातिवाद का खात्मा जरूरी : आनंद महाराज

**कबीर आश्रम में जारी संत रविदास कथा के तीसरे दिन बाल लीलाओं का हुआ वर्णन**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09मई।** थाटीपुर स्थित संत कबीर आश्रम में पुरुषार्थ सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संत शिरोमणि रविदास महाराज संगीतमयी कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। हरिद्वार से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक संत सागर आनंद महाराज ने संत रविदास के जीवन दर्शन और उनकी बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन करते हुए मानवता का संदेश दिया। कथा के दौरान संत सागर आनंद ने रविदास जी के प्रसिद्ध दोहे 'जाति-जाति में जाति है, जो केलन के पात' की व्याख्या करते हुए कहा कि जिस प्रकार केले के तने में केवल पत्तों की परतें होती हैं, वैसे ही समाज जातियों और उपजातियों में बंटा हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक समाज से जात-पात का यह भेद पूरी तरह समाप्त नहीं होगा, तब तक सच्ची मानवीय एकता संभव नहीं है। उन्होंने आह्वान किया कि संत रविदास की वाणियों को जीवन का आधार बनाकर ही हम अपनी संस्कृति की रक्षा कर सकते हैं।

**गरीब कन्याओं की शिक्षा और विवाह का संकल्प:** कथा के दौरान समाज सेवा पर बल देते हुए कहा गया कि सामर्थ्यवान लोगों को गरीब बच्चों की शिक्षा और निर्धन बालिकाओं के विवाह के लिए आगे आना चाहिए। यही सच्चा पुरुषार्थ है और इससे समाज का कल्याण होगा। कथा के समापन पर व्यास पीठ की आरती अंबेडकर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौखोटिया, समाजसेवी दिनेश चंद्र लोधे, संतोष गोदियाले, वर्षा सुमन और विकास जायसवाल सहित अन्य अतिथियों ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, पोहप सिंह जाटव, सुरेश सौलंकी, सोमवती जाटव, पिंकी सेंगर, सीमा माहौर एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्वच्छ वातावरण के लिए स्वच्छता आवश्यक : अशोक शर्मा

**देश का सबसे बड़ा स्वच्छता संवाद : महापौर बंगला से दिया स्वच्छता का संदेश**




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 मई।** स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। हम अपने घर के आस पास को साफ रखकर वातावरण को स्वच्छ बना सकते हैं एवं बीमारियों से बच सकते हैं। कचरा सही स्थान पर डालें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। मिलकर हम स्वच्छ, सुंदर शहर बना सकते हैं।

उक्ताश्य के विचार साडा के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने नगर निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित देश के सबसे बड़े स्वच्छता संवाद के दौरान आम नागरिकों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने घर को साफ सुथरा स्वच्छ रखने हैं इस तरह अपने गली मोहल्ले को स्वच्छ रखें एवं कचरा दूर टू डोर गाड़ी में ही डालें।

नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्वालियर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न वार्डों में किया जा रहा है। जिसके तहत आज बाल भवन के पास आयोजित स्वच्छता संवाद कार्यक्रम के दौरान वार्ड 30 के जनप्रतिनिधि अनिल त्रिपाठी, बीआईएमआर हॉस्पिटल से डॉ. सौरव, सुनील शर्मा, श्रीमती सीमा समाधिया सामाजिक कार्यकर्ता, सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी ने यह संकल्प लिया कि हम सभी मिलकर ग्वालियर को स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे एवं अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगें।

वार्ड 30 के जनप्रतिनिधि अनिल त्रिपाठी द्वारा मंच से सभी नागरिकों को सचेत किया गया कि सभी अपने घरों में कम से कम दो डस्टबिन का उपयोग करें जिसमें सुख एवं गीला कचरा अलग-अलग संकरण कर कचरे की गाड़ी में ही डालें।

डॉक्टर सौरव ने स्वच्छता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें जिससे आप और आपका परिवार स्वस्थ रहेगा और यह प्रेरणा अपने आसपास के लोगों को भी दें इसके साथ ही बताया गया कि कचरा एवं गंदगी से डेंगू मलेरिया टाइफाइड जैसी खतरनाक बीमारियां उत्पन्न होती हैं इसलिए कचरे को खुले में ना फेक और ना ही किसी कोफेंकने दे।

सामाजिक कार्यकर्ता सीमा दिया द्वारा लोगों को बताया गया कि हमें सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि यह खतरनाक एवं पशुओं के लिए जानलेवा होती है। सुनील शर्मा द्वारा मंच के माध्यम से लोगों को बताया गया कि जब तक हम और आप यह तय नहीं करेंगे कि हमें कचरा कहां फेंकना है और कहां नहीं?

### दहेज की डिमांड पूरी नहीं करने पर नवविवाहिता को पीटा

**ग्वालियर।** मनचाहे दहेज की डिमांड पूरी नहीं करने पर ससुरालियों द्वारा से पीटा गया। जिन्होंने उसे भी दी है। घटना डबरा इलाके की है। जिसमें पीड़िता ने पति सहित चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। डबरा थाने में ग्राम समूदन निवासी गीता बघेल ने शिकायत की है, कि पति अरुण सास महादेवी, ससुर लाखन और देवर राघवेंद्र द्वारा शादी के बाद से ही उस पर मायके से और दहेज लाने का दबाव बनाया जा रहा है।

IN THE COURT OF III CIVIL JUDGE CLASS-I, DISTRICT COURT, GWALIOR
Presiding Officer: सक्षम नरूला
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
Process ID-822/2023 (COMMS/0000077/2020) पेशी दिनांक: 17/06/2026
केनरा बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक शिवम निम.............वादी
VS
बन्टी यादव.......................प्रतिवादी
प्रेषिती- (1) बन्टी यादव पिता श्री जगदीश सिंह पता: हरिखेड़ा हुरावली, ग्वालियर
यह कि प्रार्थी **केनरा बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक शिवम निम** ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **06 मई 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
**न्यायाधीश, (सक्षम नरूला)** तृतीय व्यवहार वरिष्ठ खण्ड, ग्वालियर (म.प्र.)
नोट: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### मकान में सेंध लगाकर 30 कट्टे सरसों और मोटर पार

**ग्वालियर।** घाटीगांव थाना क्षेत्र के सिमरिया टांका गांव में चोरों ने एक सूने पुश्तैनी मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने न केवल मकान के ताले तोड़े, बल्कि खिड़की के पत्थर निकालकर भीतर प्रवेश किया और वहां रखी 30 बोरी सरसों व पानी की मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रॉक्सी पुल के पास रहने वाले 52 वर्षीय बालकिशन शर्मा का सिमरिया टांका में पुश्तैनी मकान और जमीन है।

# करोसिया ने ऊर्जा मंत्री को बताई समस्याएं, मिला आश्वासन



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09मई।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व जेल डायरेक्टर गुरुमुख करोसिया ने भेंटकर ग्वालियर नगर निगम, विद्युत विभाग एवं शिवपुरी की विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित जानकारी मंत्री को दी। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को फोन पर ही आदेशित किया कि समस्या का तत्काल निराकरण कराएं। मंत्री से भेंट करने वालों में नगर निगम से रिटायर्ड नारायण करोसिया, ग्वालियर जिला संयोजक करण राज खरे, यश यादव, मेवाराम, अनिल कुशवाहा सहित भारतीय जनता पार्टी के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
ई-नीलामी द्वारा वाहन नीलामी की सूचना
क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस.ए.आर.बी.) ग्वालियर, प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474011, मो. नं. 78801-53116, 89378-86644
E-mail: sarsag@bankofbaroda.co.in | Web : bankofbaroda.com

वाहनों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के नीचे दी गई शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है'' एवं '' दायित्व रहित के आधार पर'' के आधार पर निम्नलिखित वर्णित ऋणीयों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| क्र. | शाखा | उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | ईएमडी संग्रह खाता संख्या आईएफएससी कोड | बकाया राशि | वाहन का विवरण/ रजिस्ट्रेशन नं. | आरक्षित मूल्य रु. ईएमडी 10% बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.ओ. एस.ए.आर.बी. ग्वालियर | श्री नीलकमल रावत पुत्र श्री हरगोविंद रावत पता: 25, आदर्श कॉलोनी, पिंटोपार्क, के.एन. गार्डन के पीछे गिर्द, ग्वालियर एम.पी.-474001 श्री भूरे सिंह पुत्र श्री बीरबल सिंह पता: हरिहर नगर, सागर ताल के पास गिर्द, ग्वालियर एम.पी.-474001 | NEW INTERMEDIARY A/c 05060015181219 IFSC-BARB0GWALIO | रु. 26,42,492/- + ब्याज एवं शुल्क | TRUCK Model: Ashok Leyland 4220 BS6/2021 Reg No.RJ11GB8077 | रु. 21,00,000/- 2,10,000/- 5000/- |

ईएमडी एवं KYC दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक: 24.05.2026 ई-नीलामी दिनांक 25.05.2026 दोपहर 2.00 से 6.00 बजे तक
विस्तृत नियम एवं शर्तें हमारे सर्विस प्रोवाइडर की वेबसाईट https://baanknet.com में उपलब्ध हैं
स्थान: ग्वालियर दिनांक: 09/05/2026 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना संख्या: झाँसी-इन्जी0-सी-2026-107 दिनांक: 06.05.2026
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
कार्य का नाम : कानपुर-परौना सेक्शन:- पम्पिग आउट ऑफ़ स्टैगनैन्ट वाटर एट डिफरेंट लोकेशन ऑफ़ सब वे (13 नम्बर) इन एडीईएन/कानपुर सब डिवीज़न फॉर 02 ईयर।
अनुमानित लागत (रू): ₹ 6369001.87 | अमानत राशि (रू): ₹ 127400.00
निविदा बन्द होने की तिथि: 01.06.2026 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 24 माह
● निविदा दिनांक 01.06.2026 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1016/26(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in